हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 26 जून 2024

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला

तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

11 विवाह से पूर्व कुंडली मिलने के साथ सिकलसेल की कराए जांच



12 राज्य समन्वयक ने स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों का निरीक्षण किया



छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.cgstate.gov.in
बी.एम. आई.टी.आई.
▸ कोपा ▸ इलेक्ट्रिशियन
▸ हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸ डीजल मैकेनिक
▸ फायर टेक्नालॉजी
▸ स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-03/07/24

## जर्जर हाईस्कूल में शाला प्रवेश उत्सव का विरोध



हरिभूमि न्यूज ▸▸| गिधौरी

नगर पंचायत टुण्डरा का शासकीय हाईस्कूल विगत 10 वर्षों से जर्जर अवस्था में होने से पढ़ाई कार्य बाधित हो रहा है। बच्चे कमरे अंदर बैठ नहीं पा रहे हैं, क्योंकि छत का प्लास्टर गिर रहा है और अब बरसात में भी खतरा मंडराने लगा है। स्कूल को अनुपयोगी घोषित भी किया जा चुकी है। पूर्व विधायक बिलाईगढ़ चंदद्रदेव प्रसाद राय की पहल से एक करोड़ बीस लाख की स्वीकृति जारी हो गई थी, किन्तु टेंडर नहीं लग पाया और चुनाव आचार संहिता में फाइल दब गई। अब नये सरकार गठन होने 6 माह बित जाने बाद भी टेंडर नहीं हो सका है।

■ मांग पूरी नहीं होने पर स्कूल में तालाबंदी की चेतावनी

### बच्चों को स्कूल भेजने से डर रहे पालक

इससे नगरवाशी बेहद नाराज हैं अपने बच्चे स्कूल भेजने कतरा रहे हैं, चूंकि अब नया सत्र आज 26 जून को प्रारंभ हो रहा है। अतः स्कूली बच्चों की सुरक्षा एवं शासन की अनदेखी के चलते नगर के प्रबुद्धजन एवं पालकगण शाला प्रवेश उत्सव का विरोध करते हुये मुख्य गेट में ताला बंदी करेंगे। इस आशय की पूर्व सूचना नगर अध्यक्ष मोती साहू द्वारा शासन प्रशासन को दे दी गई है। प्रशासन से अपेक्षा की जाती है कि कल समय पूर्व टेंडर कराने का आश्वासन दें। उक्त निर्णय जन हित एवं बच्चों के सुरक्षित भविष्य के लिये विवशता के कारण लिया गया है।

## खबर संक्षेप

### जिले में अब तक 85.4 मिलीमीटर औसत वर्षा

**महासमुंद।** जिले में चालू मानसून के दौरान 01 जून 2024 से अब तक 85.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से मिली जानकारी के अनुसार जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा महासमुंद तहसील में 132.1 मिलीमीटर, सरायपाली में 103.4 मिलीमीटर, बसना में 92.6 मिलीमीटर, बागबाहरा में 80.5 मिलीमीटर, पिथौरा में 70.4 मिलीमीटर और सबसे कम वर्षा 33.9 मिलीमीटर कोमाखान तहसील में दर्ज की गई। 24 जून को 8.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। जिले के तहसीलवार वर्षा में सरायपाली तहसील में 27.6 मिलीमीटर, बसना में 18.2 मिलीमीटर, पिथौरा में 2.6 मिलीमीटर, बागबाहरा में 2.2 मिलीमीटर और सबसे कम वर्षा 1.6 मिलीमीटर कोमाखान तहसील में दर्ज की गई।

### युवक ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक युवक ने अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस व परिजनों के अनुसार रूद्री थानाक्षेत्र के ग्राम भटगांव निवासी देवाराम साहू पिता होरीराम उम्र 23 वर्ष राजमिस्त्री का काम करता था। युवक ने सोमवार को अपने घर के किचन में सिलिंग में लगे हुक में साड़ी की रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। दोपहर में घटना की जानकारी होने पर परिजनों ने रूद्री पुलिस को सूचना दी।

### फोटो, सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य तकनीकी विश्लेषण के आधार पर कर रही कार्रवाई

# तोड़फोड़ और आगजनी की घटना में शामिल सात और लोग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

जिला मुख्यालय में घटित तोड़फोड़ एवं आगजनी की घटना में शामिल 7 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी पुलिस ने वीडियो, फोटो, सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य तकनीकी विश्लेषण के आधार पर प्रकरण में शामिल लोगों के खिलाफ की है।

पुलिस द्वारा धरना प्रदर्शन का आयोजन करने एवं इस दौरान उद्दंड उपद्रव करने वाले लोगों का चिन्हांन कर उनकी गिरफ्तारी को प्राथमिकता के आधार पर लिया गया है, जिसके तहत पुलिस द्वारा प्रकरण में शामिल 7 अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तार आरोपी में संयुक्त कार्यालय परिसर से एक व्यक्ति का मोबाइल लूट कर फरार हो जाने वाला आरोपी राहुल टंडन भी शामिल हैं। आरोपी राहुल टंडन संपूर्ण घटनाक्रम के दौरान एक व्यक्ति का मोबाइल लूट कर फरार हो गया था। आरोपी के कब्जे से लूट का मोबाइल भी बरामद कर लिया गया है। आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेज दिया गया है।

विदित हो कि जिला मुख्यालय में 10 जून धरना प्रदर्शन में शामिल लोगों द्वारा आक्रोशित होकर पुलिस बल के साथ झूमाझपटी, पत्थर बाजी, मारपीट करते हुए संयुक्त कार्यालय परिसर एवं वहां खडी वाहनों में भी तोड़फोड़ करते हुए आग लगा दी थी। विवेचना क्रम में यह बात भी पता चली कि, इस दौरान कुछ उपद्रवी तत्वों द्वारा तोडफोड़ करते हुए लूटपाट भी की गई थी, जिसमें एक आरोपी द्वारा घटना के दौरान संयुक्त कार्यालय परिसर में तोड़फोड़ करते हुए वहां खड़े एक व्यक्ति का मोबाइल लूट कर फरार हो गया था।

धरना प्रदर्शन का आयोजन करने वाले तथा इस दौरान बलवा तोड़फोड़ एवं आगजनी करने वाले आरोपियों एवं उपद्रवी तत्वों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की अलग–अलग टीमों का निर्माण कर संभावित स्थलों में लगातार दबिश दी जा रही है। प्रकरण में शामिल अन्य आरोपियों की वीडियो, फोटो, सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य तकनीकी विश्लेषण के आधार पर सरगर्मी से पता तलाश जारी है।



### अब तक 125 लोगों की गिरफ्तारी

प्रकरण में आज 25 जून तक की स्थिति में बलौदाबाजार में तोड़फोड़ एवं आगजनी की घटना को अंजाम देने वाले कुल 145 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपियों के नाम राजकुमार डहरिया 25 साल निवासी ग्राम घुलघुल थाना लवन, राहुल चेलक उम्र 25 साल निवासी ग्राम घुलघुल थाना लवन, सूर्यकांत वर्मा 25 वर्ष निवासी ग्राम गैतरा थाना सिटी कोतवाली, राहुल टंडन 36 साल निवासी ग्राम नेवई दुर्ग जिला दुर्ग, बुधराम कुर्रे उम्र 26 साल निवासी ग्राम बड़े मुनगी, थाना मंदिर हसौद जिला रायपुर, रमेश कुर्रे 25 साल निवासी ग्राम बड़े मुनगी, थाना मंदिर हसौद जिला रायपुर, थानेश्वर बंजारे 22 साल निवासी ग्राम बड़े मुनगी, थाना मंदिर हसौद जिला रायपुर शामिल हैं।

## बारिश से बिजली पोल में फैला करंट, 5 भैंस और दो बकरी की मौत



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा

क्षेत्र के ग्राम अकलतरा में बारिश होने से बिजली पोल में करंट फैला गया, जिसकी चपेट में आने से 7 मवेशियों की मौत हो गई। घटना सोमवार को घटी। इसमें 5 भैंस और 2 बकरी की मौत होने की सूचना है। विदित हो कि लगातार नगर व नगर के समीप ऐसी घटना होते देखी जा रही है। कुछ दिन पहले भाटापारा नगर के गांधी मंदिर वार्ड में गौ वंश भी करंट के चपेट में आने से मौत हो गई थी। इस तरह की घटना से ग्रामीणों में दहशत बनी गई है।

■ भाटापारा शहर में भी घट चुकी है घटना

सभी लोग बच्चों और मवेशियों को अब बिजली खंभों से दूर रख रहे हैं। ग्रामीणों ने करंट फैलने की सूचना बिजली विभाग को दी है और मुआवजे की मांग की है। विदित हो कि इस घटना से मवेशी पालकों को लाखों का नुकसान हुआ है।

### बिजली विभाग को सचेत रहने की आवश्यकता

लगातार बिजली के चपेट में आने से हो रही मौतों से बिजली विभाग पर प्रश्न चिन्ह लग रहा है। अगर पहले से कोई उचित सावधानी नहीं बरती गई तो बड़ी दुर्घटना की संभावना बनी रहेगी।

## पोस्ट मैट्रिक आदिवासी छात्रावास की मांग



हरिभूमि न्यूज ▸▸| पलारी

सर्व आदिवासी समाज जिला इकाई बलौदाबाजार के प्रतिनिधि मंडल ने वीरांगना रानी दुर्गावती बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि समारोह 25 जून को पं. दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम रायपुर के कार्यक्रम में शामिल हुए। इसमें मुख्य अतिथि रामविचार नेताम कृषि आदिम जाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक विभाग छ.ग. शासन एवं कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप वन,जल संसाधन सहकारिता, कौशल विकास विभाग छत्तीसगढ़ शासन, विकास मरकाम अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ, जिसमें जिला बलौदाबाजार भाटापारा अंतर्गत नगर पंचायत पलारी एवं सिमगा में पोस्ट मैट्रिक आदिवासी बालक–बालिका छात्रावास की विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा, जिस पर कैबिनेट मंत्री ने आश्वासन देते हुये जल्द ही पोस्ट मैट्रिक ▸▸ शेष पेज 11 पर

■ सर्व आदिवासी समाज ने कार्यक्रम में मंत्री रामविचार नेताम को सौंपा ज्ञापन

## असामाजिक तत्वों ने पानठेले में लगाई आग

**गोपालपुर।** समीप ग्राम खम्हरिया निवासी अमरीका साहू के पान ठेला को विगत दिनों असामाजिक तत्व के लोगों ने आग लगाकर जला दिया। पीड़ित ने सरसीवां थाना में शिकायत दर्ज की है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस जांच करने नहीं पहुंची थी। अमरीका साहू ने बताया कि आज से 30 साल पहले ठेला में पान एवं किराना दुकान का धंधा कर परिवार चलाता था, लेकिन अब मैं बेरोजगार हो गया हूं, जिससे परिवार के पालन पोषण में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही दुकान में हजारों रुपए की सामान भी जलकर राख हो गई। उन्होंने शासन प्रशासन से मुआवजा दिलाने की मांग की है, ताकि धंधा पुनः स्थापित कर सके।



## हत्या का आरोप खारिज रेखराम हुए बरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

अभियोजन द्वारा अपराध प्रमाणित नहीं कर पाने के चलते प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश बलौदाबाजार द्वारा हत्या करने के आरोपी रेखू उर्फ रेखराम रजक को बाइज्जत बरी कर दिया गया। मामले में आरोपी की ओर से वरिष्ट अधिवक्ता सतीश श्रीवास्तव द्वारा पैरवी की गई। प्रकरण के संक्षिप्त विवरण के अनुसार ग्राम कोट थाना कसडोल में 9 जून 2022 की रात 10 बजे सौभाग्य कर्स नामक बुजुर्ग व्यक्ति की लाश गांव के मानस चौक में मिली थी। जिसे लेकर परिवार एवं गांव वालों द्वारा उसकी हत्या किये जाने की शंका जाहिर की जा रही थी तथा मृतक के पुत्र गोवर्धन द्वारा गांव के कोटवार के साथ रात में ही पुलिस थाना, कसडोल में रिपोर्ट लिखायी गई। प्रकरण में पुलिस द्वारा विवेचना किये जाने के दौरान ज्ञात हुआ था कि मृतक की पत्नी दुखनी बाई का अपने भाई बुधराम से एक जमीन के संबंध में विवाद कई सालों से राजस्व न्यायालय में चल रहा है। बुधराम की मृत्यु पूर्व में होने से उसकी पत्नी एवं पुत्र आरोपी रेखू उर्फ रेख राम रजक युक्त केस में उपस्थित होते थे। घटना दिनांक को भी राजस्व ▸▸ शेष पेज 11 पर

## 15 लीटर महुआ शराब जब्त, युवक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भटगांव

इन दिनों महुआ शराब बेचने वालों पर भटगांव पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। पुलिस को सूचना मिली की सांवरिया डेरा सलोनी कला से एचएफ डीलक्स काले रंग की बाइक से एक व्यक्ति महुआ शराब बेचने के लिए भटगांव की ओर रवाना हुआ है। पुलिस गाड़ी की ताक में बैठी रही, जहां उसे भटगांव कॉलेज रोड के पास पकड़ा। पकड़े गए युवक का नाम 33 वर्षीय गोपाल दास पिता लक्ष्मण गौड़ ग्राम धारावाहिक थाना नवागढ़ जिला जांजगीर निवासी है जो वर्तमान में ▸▸ शेष पेज 11 पर

### शराब ले जा रहा कोचिया पकड़ा गया, 31 पौवा शराब जब्त

**सिमगा।** स्थानीय पुलिस ने एक शराब कोचिया को दबोचा और उसके कब्जे से 31 पौवा शराब जब्त की है। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को पुलिस टीम द्वारा शिवनाथ नदी पुल के पास बेमेतरा रोड सिमगा में अवैध रूप से शराब बिक्री के लिए ले जा रहे शराब कोचिया राजेश 26 वर्ष निवासी ग्राम कठिया थाना बेमेतरा को रोका। जांच पड़ताल में उसके पास 31 पौवा देशी मदिरा मसाला जुमला 5.580 बल्क लीटर शराब मिली, जिसे जब्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 34,2 आबकारी एक्ट कायम कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया है।



### जीवनदीप समिति की बैठक में सदस्यों ने विधायक साव के समक्ष रखीं बातें

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ट्रामा सेंटर की कमी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिमगा

स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को जीवनदीप समिति की बैठक विधायक इंद्र साव की अध्यक्षता में प्रारंभ हुई। इसमें स्वास्थ्य सेवाओं में वृद्धि व भौतिक संसाधनों की उपलब्धता व सुधार संबंधी महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. पारस पटेल ने आय-व्यय का ब्यौरा देते हुए अस्पताल के लक्ष्य के लिए उम्मीद जताते हुए जानकारी प्रस्तुत किया। बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए विधायक साव ने एसी, वाटर कूलर एवं जीवनदीप समिति के कर्मचारियों का मासिक मानदेय बढ़ाने की अनुशंसा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही विधायक ने अस्पताल परिसर का निरीक्षण करते हुए साफ सफाई के संबंध में जानकारी ली और मरीजों से मुलाकात की। वहीं सिमगा के सोनकर मोहल्ले की महिला के नवजात शिशु को देख श्री साव ने खुशी जताते हुए बच्चे के परिवार वालों को बधाई दी। विधायक साव ने चिकित्सकों की कमी के लिए चिंता जाहिर करते हुए अति शीघ्र मेडिसिन चिकित्सक, आर्थो चिकित्सक, स्त्री रोग विशेषज्ञ, निश्चेतना विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति हेतु प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री से चर्चा ▸▸ शेष पेज 11 पर



### ट्रामा सेंटर एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों की जरूरत है

विधायक साव ने समीक्षा करते हुए कहा कि सिमगा नेशनल हाईवे पर स्थित है और यहां आये दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती है जिसमें गम्भीर रूप से घायल व्यक्तियों को ठीक ढंग से इलाज नहीं मिलता, उन्हें तुरंत रायपुर रिफर किया जाता है, जिसे सुधारने की आवश्यकता है। इसके लिए यहां ट्रामा सेंटर एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों की जरूरत है।

हरिभूमि पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468



# रिकार्ड में 52 हजार मीट्रिक टन धान सोसाइटियों में, जांच में मिला तीन हजार, होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में पिछले खरीफ सीजन में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान 149 लाख मीट्रिक में से करीब 52 हजार मीट्रिक टन धान सोसाइटियों में जमा है। यह तथ्य खाद्य विभाग की वेबसाइट का रिकार्ड बता रहा है, लेकिन सोसाइटियों की जांच करने के बाद ये बात सामने आ रही है कि सोसाइटियों में केवल तीन हजार मीट्रिक टन धान बचा है। बड़ा सवाल ये है कि यह धान कहां गया? इस संबंध में मार्कफेड के एमडी रमेश शर्मा ने कहा है कि सोसाइटियों से पूछा जाएगा कि ये धान कहां गया। आंकड़ों का मिलान कर पूरी जांच की जाएगी। राज्य सरकार ने खरीफ सीजन 2023-24 में नवंबर 2023 से 4 फरवरी के बीच प्रदेश के सभी जिलों में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की थी। पूरे सीजन में 149 लाख मीट्रिक टन धान की रिकार्ड खरीदी की गई थी। धान खरीदी के साथ ही मिलरों को कस्टम मिलिंग के लिए सोसाइटियों से धान दिया जा रहा था, लेकिन इसके बाद 24 जून की स्थिति में रिकार्ड के मुताबिक सोसाइटियों (उपार्जन केंद्रो) में बाकी धान की मात्रा 52 हजार 402 मीट्रिक टन दिख रही है। मोटे तौर पर देखा जाए तो ये दिखता है कि सोसाइटियों से धान का उठाव (परिवहन) नहीं हो सका है।

अलग खबर

## 25 जिलों की सोसाइटियों में बाकी था धान, कहां गया, होगी पूछताछ

### सोसाइटियों में बचा है मात्र 3 हजार टन

सोसाइटियों में जब बाकी बचे धान की मात्रा की जांच की गई तो पाया गया कि मात्र 3 हजार मीट्रिक टन धान ही बाकी है। इस बात पुष्टि मार्कफेड के एमडी रमेश शर्मा ने की है। उन्होंने कहा है कि सोसाइटियों से पूछा जाएगा कि उनके पास से धान कहां गया, ये धान सूखत के कारण वजन कम होने से कम हो गया या कोई और कारण हैं। उन्होंने कहा कि जो बाकी बचा धान है, उसे तीन दिनों में उठा लिया जाएगा। इसके बाद डाटा मिलान करेंगे। सोसाइटियों से जानकारी लेंगे।



### इन जिलों में बाकी दिख रहा है धान

सरकारी वेबसाईट के रिकार्ड के मुताबिक इन जिलों की सोसाइटियों (धान उपार्जन केंद्रो) में धान की बची मात्रा दिख रही है। इनमें बस्तर, बीजापुर,कांकेर, कोंडागांव, सुकमा, बिलासपुर, मुंगेली, रायगढ़, सक्ती, सारंगढ़, बिलाईगढ़, बालोद, बेमेतरा, कवर्धा, राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, मोहला-मानपुर-चौकी, बलौदाबाजार, धमतरी, गरियाबंद, महासमुंद, बलरामपुर, जशपुर, कोरिया, सरगुजा, शामिल है। हालांकि कई जिलों में धान का पूरा उठाव होने के बाद वहां बाकी धान की मात्रा शून्य दिख रही है।

## खबर संक्षेप



### नगरीय निकायों पर बकाया बिजली बिल 789 करोड़

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों का बिजली बिल 789.15 करोड़ रुपए बकाया है। यह बिल मार्च की स्थिति में है। अब ऊर्जा विभाग ने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग से यह बिल अदा करने के लिए कहा है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रदेश के सभी संयुक्त संचालकों से कहा है कि वे मार्च 2024 की स्थिति में निकायवार बकाया बिल एवं पेनाल्टी की राशि की जानकारी भिजवाएं, ताकि बिल अदा करने के लिए के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा सके। भारत सरकार द्वारा लागू की गई आरडीएएस योजना के दिशा निर्देशों के तहत शासकीय विभागों को मार्च 2022 की स्थिति में बकाया बिजली बिलों का भुगतान तीन किस्तों में तथा चालू वित्तीय वर्ष का भुगतान उसी साल में किए जाने की अनिवार्यता है। ऊर्जा विभाग ने अब बकाया राशि का भुगतान करने कहा है।

### यादव महासंघ ने मनाया विश्व संगीत दिवस



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रगतिशील यादव महासंघ द्वारा सामाजिक भवन में रविवार को विश्व संगीत दिवस मनाया गया। इस दौरान संगीत के सुधिजन कलाकारों ने संगीत सरिता में डुबकी लगाई और श्रोता अंजलि भर-भरकर गीत गंगा का रसपान करते रहे। श्रोताओं की खूब वाहवाही और ताली बटोरी। इस मौके पर महासंघ के महासचिव निरंजन सिंह यादव ने बताया कि इस वर्ष का विश्व संगीत दिवस, दिवंगत रमजान सज्जाद (रफी फेम) को बतौर श्रद्धांजलि समर्पित किया गया। ज्ञात हो कि रमजान भाई रायपुर संगीत समिति और गुलशन कुमार के टी-सिरीज एलबम से बरसों तक जुड़े रहे तथा दो दिन पूर्व 22 जून को ही उनका इंतकाल हुआ है। कार्यक्रम में उभरते सात गायक कलाकार अजय यादव, लक्ष्मण यादव, सुजीत सिंह, राजेश यादव, रविंद्र सिंह रवि, हेमंत यादव एवं वीरेंद्र यादव आदि शामिल थे।

### संत कबीर प्रकटोत्सव निकाली कलश यात्रा



**रायपुर।** मानिकपुरी समाज की कबीर सिंहासन धाम समिति द्वारा संत कबीर प्रकटोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हिवार भवन सिद्धार्थ चौक टिकरापारा से कबीर सिंहासन धाम भाग-1 बोरियाखुर्द तक धूमधाम से कलश यात्रा निकाली गई। इसके बाद काठाडीह सिंहासन धाम में भजन गायन, कबीर वंदन, चौका आरती का कार्यक्रम और भोजन प्रसाद का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में महंत बुधारी दास तथा महंत वल्लभदास द्वारा कबीर साहेब के विचार तथा उनके लीलाओं का व्याख्यान किया गया। बोरियाखुर्द कबीरपंथ विकास समिति के सचिव ने बताया कि कार्यक्रम में राजेश हिवार, कमला हिवार, सावित्री हिवार के अलावा सदस्य प्रकाश, कुलदीप, मंजू और विकासराज, प्रीति दास, भूपेश दास, आशा दास आदि शामिल थे।

### दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण की बैठक

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण की शासी निकाय की बैठक सोमवार को मंत्रालय महानदी भवन में महिला एवं बाल विकास विभाग की सचिव तथा दत्तक ग्रहण अभिकरण की शासी निकाय की अध्यक्ष शम्मी आबिदी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में वर्ष 2023-24 तथा 2024-25 में दत्तक ग्रहण प्रकरणों की समीक्षा की गई।

## एमआईसी बैठक में परिसीमन पर चर्चा

# महापौर ढेबर ने कहा- मापदंड के अनुसार होगा तो समर्थन देंगे, नहीं तो जाएंगे कोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मेयर इन काउंसिल की बैठक में मंगलवार को निगम क्षेत्र में प्रस्तावित वार्डों के परिसीमन पर चर्चा हुई। इसमें एमआईसी सदस्यों ने कहा कि परिसीमन मापदंड के अनुसार होगा, तो इसे समर्थन देंगे, नहीं तो इसका विरोध करेंगे। महापौर एजाज ढेबर ने कहा कि वर्ष 2019 में 2011 की जनसंख्या के आधार पर वार्डों का परिसीमन हुआ था। इस बार भी इसी आधार पर परिसीमन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर सही मापदंड से परिसीमन किया जाएगा, तो एमआईसी भी इसका समर्थन करेगी, लेकिन अगर मापदंड से नहीं हुआ, तो इसके विरोध में कोर्ट भी जाएंगे।

निगम मुख्यालय में मंगलवार को महापौर एजाज ढेबर की अध्यक्षता में एमआईसी की बैठक हुई। इस बैठक में 5 एजेंडे लाए गए थे, जिन्हें सर्वसम्मति से पारित किया गया। इसके अलावा बैठक में नगरीय निकाय चुनाव से पहले निगम क्षेत्र के वार्डों में होने वाले परिसीमन को लेकर भी चर्चा की गई। बैठक में एमआईसी सदस्यों के बीच सहमति बनी कि परिसीमन को इसी शर्त पर समर्थन देंगे कि सभी वार्डों की जनसंख्या में ज्यादा अंतर न हो। यानी अगर एक वार्ड की जनसंख्या 14 हजार है, तो दूसरे वार्ड की जनसंख्या भी उसके जितनी या उसके करीब हो। यानी वार्डों की जनसंख्या का डिफरेंस 5 प्रतिशत से ज्यादा नहीं होना चाहिए। महापौर ने परिसीमन को लेकर मापदंड सार्वजनिक नहीं किए जाने पर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि परिसीमन किन मापदंडों के अनुसार कराया गया है इसकी जानकारी किसी भी पार्षद को नहीं है। ऐसे में अगर परिसीमन में मापदंड का पालन नहीं किया गया, तो इसके विरोध में हम कोर्ट भी जाएंगे। एमआईसी सदस्य सुरेश चन्नावार ने कहा कि परिसीमन को लेकर हमारा कोई विरोध नहीं है। परिसीमन नियम के अनुसार होना चाहिए। ज्ञानेश शर्मा ने भी कहा कि परिसीमन होना चाहिए यह वार्ड की जनता के हित में है। परिसीमन मापदंड के अनुसार होना चाहिए।



### पूर्व परिसीमन में कुछ त्रुटियां हुई हैं, जनता के हित में सुधारा जाना जरूरी

इधर नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे का इस मामले में कहना है कि पूर्व में हुए परिसीमन के दौरान किसी-किसी वार्ड की सीमा को लेकर त्रुटियां हुई हैं। इसके कारण उन वार्डों में विकास कार्य कराने में पार्षदों को भी कई तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसके कारण उस वार्ड की जनता को परेशानी होती है। नए सिरे से परिसीमन होने से पूर्व में हुई त्रुटियां खत्म हो जाएंगी। इससे पार्षद भी अपने-अपने वार्ड में विकास कार्य करा पाएंगे, जिससे जनता की समस्या दूर होगी। उन्होंने कहा कि कोई भी पार्षद चुनाव में हमेशा जीते ऐसा मुमकिन नहीं है, क्योंकि इसका फैसला जनता करती है। परिसीमन जनता के हित व भविष्य को देखते हुए किया जाता है, इसलिए इसका विरोध करना गलत होगा।

### इन एजेंडों पर लगी मुहर

- एमआईसी में निगम वित्त विभाग का प्रस्ताव लाया गया, जिसमें 11 अधिकारियों एवं कर्मचारियों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति व्यय राशि के रूप में 7 लाख 88 हजार 706 रुपये भुगतान करने की स्वीकृति दी गई।
- जोन-10 क्षेत्र के रानी दुर्गावती वार्ड नंबर 50 के अंतर्गत राम मंदिर के पास नाला निर्माण कार्य के लिए 1 करोड़ 98 लाख 76 हजार रुपए प्रस्ताव को मिली मंजूरी।
- एमआईसी में वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक मुक्तानंद चंद्राकर के संविदा नियुक्ति संबंधी प्रस्ताव लाया गया था। वे 30 जून को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। निगम सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से लाए गए प्रस्ताव पर एमआईसी ने मुहर लगाई है। हालांकि इस प्रस्ताव को अंतिम मंजूरी के लिए शासन को भेजा जाएगा।
- एमआईसी में कांजी हॉउस स्थित भूतल दुकान क्रमांक 6 के लीज नवीनीकरण प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है। जोन 4 राजस्व विभाग की ओर से प्रस्ताव लाया गया था।

## आश्वासन के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संघ की हड़ताल स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

योग दिवस से प्रारंभ हुई सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों की हड़ताल चौथे दिन स्थगित कर दी गई है। टीम बनाकर उनकी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया गया है, जिसके बाद उन्होंने काम पर लौटने का फैसला लिया है। सीएचओ द्वारा लंबित मानदेय और सही तिथि पर भुगतान सहित तीन सूत्रीय मांगों को लेकर 21 जून से हड़ताल पर थे। जिला मुख्यालय स्तर पर उनके द्वारा धरना प्रदर्शन के माध्यम से अपना विरोध जताया जा रहा था। सीएचओ की इस हड़ताल को प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ द्वारा भी समर्थन दिया गया था। सोमवार को उनकी मांगों पर एनएचएम के अधिकारियों से चर्चा हुई और उन्होंने हड़ताल स्थगित करने की घोषणा कर दी। सीएचओ संगठन के संयोजक प्रफुल्ल कुमार ने बताया कि अधिकारियों ने कहा है कि कार्य आधारित मानदेय समस्त जिला में स्थानांतरित कर दिया गया है, जिसके समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों का माह 2024 तक पूर्ण भुगतान किया जायेगा।

## सिंधी समाज के मिट्री माइट्री डॉट कॉम का शुभारंभ कल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत द्वारा सिंधी समाज में युवक-युवतियों के रिश्ते में आ रही परेशानियों को देखते हुए समाज की सुविधा के लिए मिट्री माइट्री डॉट कॉम पोर्टल का शुभारंभ 26 जून को किया जाएगा। यह शुभारंभ शदाणी दरबार के संत डॉ. युधिष्ठिर लाल करेंगे। इस मौके पर प्रदेशाध्यक्ष महेश दरयानी और सुभाष बजाज ने बताया कि इस आयोजन के अलावा छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत की बहुप्रतीक्षित कार्यकारिणी की घोषणा भी 26 जून को संतों की उपस्थिति में की जाएगी। इसी दौरान संयोजक बलराम आहूजा व तनेश आहूजा ने बताया कि समाज में विगत कई वर्षों से युवक-युवतियों के रिश्ते में अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और यह समस्या लगभग पूरे भारतवर्ष में सिंधी समाज के युवक-युवतियों के लिए निरंतर महसूस की जा रही है। इन सभी समस्याओं के निराकरण के लिए तथा रिश्ते सुचारू रूप से तय हों।

## समाज में शांति के साथ विकास के लिए कृत-संकल्पित है छत्तीसगढ़ सरकार



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार हर समाज में शांति एवं सद्भावना बनाए रखने के साथ विकास के लिए कृत-संकल्पित है। सरकार के इस कार्य को अंजाम देने में शांति और अहिंसा के मार्ग पर चलने वाले सतनामी समाज का भी पूर्ण सहयोग है। ये बातें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोमवार को राजधानी स्थित अपने निवास कार्यालय में राजागुरु धर्मगुरु गुरु बालदास साहेब के नेतृत्व में आए सतनामी समाज के प्रतिनिधिमंडल से चर्चा के दौरान कही। इस अवसर पर आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब सहित प्रदेशभर से आए सतनामी समाज के राजमहंत भी उपस्थित थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि हाल ही में बलौदाबाजार जिले की घटना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। इसमें दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई होगी। उन्होंने समाज के लोगों को भरोसा दिलाया कि शासन-प्रशासन द्वारा की जाने वाली कार्रवाई पूर्णतः न्यायसंगत होगी। इस अवसर पर सतनामी समाज से राजमाता गुरुमाता प्रवीण माताजी, गुरु सोमेश बाबा, गुरु सौरभ साहेब सहित राजमहंत जैत कुमार सतनामी, राजमहंत अनूप सतनामी, राजमहंत कामता प्रसाद, राजमहंत कुंजन सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## अब तक जारी नहीं हुई विस सत्र की अधिसूचना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र की अधिसूचना अब तक जारी नहीं पाई है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने मानसून सत्र को लेकर प्रस्ताव संसदीय कार्य विभाग को भेजा था। प्रस्ताव पर अब तक स्वीकृति नहीं मिलने के कारण विधानसभा सत्र की अधिसूचना जारी नहीं हो पाई है।



13 जून को विधानसभा अध्यक्ष ने इस संबंध में मीडिया से कहा था 22 जुलाई से मानसून सत्र आहूत किया जाएगा। सत्र के लिए अधिसूचना एक माह पूर्व जारी की जाती है। अधिसूचना जारी नहीं होने को लेकर कहा जा रहा है कि कहीं तारीखों में परिवर्तन तो नहीं हो रहा। नियमानुसार विधानसभा सत्र की अधिसूचना जारी होने के बाद लगभग 20 दिन सवाल लगाने के लिए सदस्यों को समय दिया जाता है। विधानसभा सचिव दिनेश शर्मा ने बताया कि अभी तक सचिवालय को कोई सूचना नहीं मिली है। सूचना मिलने के बाद अधिसूचना जारी होने के बाद आगे की प्रक्रिया शुरू होगी। भाजपा सरकार के शपथ लेने के बाद अब तक दो सत्र हो चुका है। मार्च में बजट सत्र के बाद मानसून सत्र की तैयारी है। राज्य सरकार के छह माह का कार्यकाल पूरा होने के बाद सरकार के कामकाज और अब तक हुई घटनाओं को लेकर विपक्ष पूरी नजर बनाए हुए है। आने वाले दिनों में अधिसूचना जारी होने के बाद विधायक अपने सवाल लगाने शुरू करेंगे।

## सुशासन एवं अभिसरण विभाग में मर्ज होगा नवाचार आयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य सरकार नवाचार आयोग को नए विभाग सुशासन एवं अभिसरण विभाग में मर्ज करने जा रही है। वित्त विभाग को प्रस्ताव भेजा गया है, जहां से मंजूरी मिलते ही आयोग को बंद कर दिया जाएगा। कांग्रेस सरकार ने फरवरी में इसके गठन की अधिसूचना जारी की थी। कांग्रेस सरकार के बदलते ही जनवरी में विवेक ढांड ने इस्तीफा दे दिया था, इसके बाद से आयोग में काम ठप हो गया था। सचिव आरके सिंह का कार्यकाल भी 21 जून को खत्म हो गया है।

नवाचार आयोग के लिए कांग्रेस सरकार के समय अलग से बजट जारी किया गया था। बजट में राज्य नवाचार आयोग के लिए 1.25 करोड़ रुपये बजट प्रावधान किया गया था। आदिम जाति कल्याण आयोग परिसर में इसका कार्यालय था। अध्यक्ष और सचिव के कमरे को तैयार करने लाखों रुपये खर्च हुए थे। मार्च 2024 तक 90 लाख 19 हजार रुपये खर्च हुए हैं। 2024-25 में भी आयोग को 1.25 करोड़ के बजट का आवंटन हुआ था। आयोग बनने के बाद इसकी कई बैठकें हुईं। आयोग ने सात सुझाव सरकार को भेजे थे। इनमें आयोग ने खुद को भी बंद करने का सुझाव भी दिया था। राज्य शासन ने नवाचार को नए विभाग सुशासन और अभिसरण में शामिल करते हुए जनकल्याणकारी नीतियों के सफल क्रियान्वयन, संसाधनों के सर्वोत्तम उपयोग के लिए और जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के लिए पृथक रूप से सुशासन एवं अभिसरण विभाग का गठन मार्च में किया।



### सुशासन एवं अभिसरण विभाग का कार्य

भाजपा सरकार ने नए विभाग के रूप छत्तीसगढ़ सुशासन एवं अभिसरण विभाग का गठन किया है। विभाग में प्रशासन के सभी स्तरों पर डिजिटलाइजेशन को बढ़ावा देते हुए इसके माध्यम से पारदर्शिता सुनिश्चित की जाएगी। विभाग नये विचारों एवं क्रिया विधि के संबंध में शोध और प्रशासनिक सुधार के कार्य भी करेगा। विभाग से सुशासन फेलोशिप और मुख्यमंत्री लोक प्रशासन में उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदाय किया जाएगा। विभाग के अंतर्गत नीति विश्लेषण शिक्षण संस्थान और छत्तीसगढ़ राज्य नवाचार आयोग को इसमें रखा गया है।

## भाजपा सरकार में 10 साल से अघोषित आपातकाल चल रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, आपातकाल का विरोध करने वाली भाजपा की सरकार ने 10 साल से देश में अघोषित आपातकाल लगा रखा है। संविधान खतरे में है, इसे बदलने की बात कही जा रही है। संवैधानिक संस्थाएं स्वतंत्र होकर काम नहीं कर पा रही हैं। लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा है, आम जनता पर टैक्स लादा जा रहा है। बढ़ती महंगाई बेरोजगारी से हर वर्ग हताश और परेशान है।

■ संविधान खतरे में है, इसे बदलने की बात कही जा रही : बैज




उन्होंने कहा, जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रही है। व्यापारी वर्ग डरा हुआ है, देश की संपत्तियां बिक रही हैं, यह असल मायने में आपातकाल है। 10 साल से देश में आपातकाल का दो कालखण्ड चल रहा था। अब तीसरा कालखण्ड शुरू हुआ है। आपातकाल का विरोध करने वाले संघ, भाजपा एवं अन्य दल के नेता अब खुद अपनी सरकार में खुलकर बोलने से डर रहे हैं। जो लोकतंत्र के सेनानी खुद को बताते थे, वह छिपे हुए बैठे हैं, सिर्फ पेंशन लेने के लिए सामने आते हैं। देश में लोकतंत्र के अधिकारों का उपयोग करने से रोका जाता है, किसान नौजवान आंदोलन करें, तो उन्हें देशद्रोही ठहराया जाता है। विपक्ष को डराया धमकाया जाता है। सदन से लेकर सड़क तक जनता के सवाल उठाने वालों की आवाज को दबाने सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग किया जाता है। देश के संवैधानिक इतिहास में जितने अलोकतांत्रिक फैसले मोदी राज में हुए, उतने आज तक कभी नहीं हुए। असलियत यही है कि भाजपा और आरएसएस का मूल चरित्र ही लोकतंत्र विरोधी है।

## हर प्लांट में 15 दिनों से ज्यादा का स्टॉक, बारिश में नहीं होगी परेशानी

# मड़वा पॉवर प्लांट में भी इस बार मानसून के लिए भरपूर कोयला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मानसून में छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के प्लांट में मड़वा में आमतौर पर कोयले के स्टॉक को लेकर परेशानी होती थी, लेकिन इस बार मानसून के लिए मड़वा में 3.30 लाख टन कोयले का स्टॉक है। यह स्टॉक 20 दिनों से ज्यादा का है। इसी के साथ कोरबा वेस्ट और श्यामाप्रसाद मुखर्जी तापगृह में भी 15-15 दिनों से ज्यादा का स्टॉक है। मानसून में अगर भारी बारिश के कारण कोयले की आपूर्ति बाधित होती है तो भी बिजली उत्पादन में परेशानी नहीं होगी। मानसून के लिए छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर उत्पादन कंपनी हमेशा से ही पहले से कोयले का स्टॉक करने का काम करती है। नियम से कम से कम 15 दिनों का स्टॉक रहना चाहिए। अब तक मानसून से पहले कंपनी सभी प्लांट में 15 दिनों से ज्यादा का स्टॉक करती है, लेकिन मड़वा में स्थान की कमी के चलते ऐसा नहीं हो पाता था। ऐसे में मड़वा में करीब एक सप्ताह के आसपास का ही स्टॉक रहता था। मानसून में भारी बारिश होने पर मड़वा के प्लांट के प्रभावित होने का हमेशा खतरा रहता था। इसके लिए लगातार तैयारी की जा रही थी। अब वहां पर पर्याप्त स्टाक रखने का स्थान होने के कारण इस बार सबसे ज्यादा कोयले का स्टॉक मड़वा में है। इस प्लांट में 500 मेगावाट के दो यूनिट है। इन में रोज 16 हजार टन कोयला लगता है। ऐसे में इस समय इस प्लांट में 3.30 लाख टन कोयले का स्टॉक है।



### दूसरे प्लांटों में भी परेशानी नहीं

छत्तीसगढ़ राज्य उत्पादन कंपनी के कोरबा वेस्ट के प्लांट में जहां कन्वेयर बेल्ट से 14 किलोमीटर दूर से कोयला आता है, वहीं श्यामा प्रसाद मुखर्जी प्लांट के लिए कोयला ट्रेन से आता है। कोरबा वेस्ट में 210 मेगावाट के चार और एक पांच सौ मेगावाट का प्लांट है। श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप गृह में 250 मेगावाट के दो प्लांट हैं। इन दोनों में भी 15 दिनों से ज्यादा का स्टॉक है। इनमें स्टॉक रखने का पर्याप्त स्थान होने के कारण कभी परेशानी नहीं होती।

### पर्याप्त स्टॉक

मानसून के लिए सभी प्लांट में पर्याप्त कोयले का स्टॉक है। आमतौर पर मड़वा को लेकर परेशानी होती थी, लेकिन यहां पर 20 दिनों का स्टॉक है।

- संजीव कुमार कटियार
एमडी, उत्पादन कंपनी

## खबर संक्षेप



### ग्रेडेशन लिस्ट जारी होने के बाद पूरी होगी पदोन्नति की प्रक्रिया

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष संजय शर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी और लोक शिक्षण संचालनालय की संचालक दिव्या मिश्रा से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षक एलबी संवर्ग को प्रथम नियुक्ति तिथि से पूर्व सेवा की गणना करने मांगपत्र सौंपा, जिस पर शिक्षा विभाग के सचिव ने कहा है कि वरिष्ठता सूची का अंतिम प्रकाशन कर शीघ्र पदोन्नति की प्रक्रिया पूरी की जाएगी, अन्य विषय पर भी समयानुसार निर्णय लिया जाएगा। इस मौके पर टीचर्स एसोसिएशन मुख्य मांगें, पूर्व सेवा के आधार पर पुरानी पेंशन के लिए कुल सेवा अवधि की गणना की जाए, पेंशन निर्धारण के लिए अर्हकारी सेवा 33 वर्ष के स्थान पर केंद्र सरकार की तरह 20 वर्ष की जाए, सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर की जाए, पूर्व सेवा अवधि के आधार पर क्रमोन्नति वेतनमान प्रदान किया जाए। ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधिमंडल में सुधीर प्रधान, बसंत चतुर्वेदी, मनोज सनाढ्य, सुखनंदन साहू, नारायण चौधरी, नंद कुमार साहू, डॉ. सीएल साहू, अतुल शर्मा आदि शामिल थे।

### मेडिकल कांप्लेक्स में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

**रायपुर।** रजबंधा मैदान स्थित मेडिकल कांप्लेक्स हॉल में 26 जून को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सिटी आई केयर हॉस्पिटल, सीजी हॉस्पिटल एवं रायपुर केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट एसोसिएसन द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम आयोजक ने बताया कि शिविर दोपहर 2 बजे शाम 6 बजे तक जारी रहेगा। शिविर में मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. एस. जायसवाल, दंतरोग विशेषज्ञ डॉ. रवि गोयल, नेत्र विशेषज्ञ डॉ. अमृता वर्मा, डॉ. एमएस श्रीवास्तव, डॉ. एस गोस्वामी, डॉ. महेंद्र दुवारे और डॉ. सारिका श्रीवास्तव आदि अपनी सेवाएं देंगे।

### क्रिश्चियन फोरम का आरोप- निर्दोषों पर हो रही कार्रवाई



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में अराजकता का माहौल है। कानून व्यवस्था खत्म हो गई है। निर्दोष आदिवासी नक्सल के बहाने मारे जा रहे हैं। 27 गंभीर हमले महिलाओं व धर्मस्थलों पर हुए हैं। एफआईआर तो दूर, शिकायत तक नहीं ली जा रही है। इन तमाम मुद्दों को लेकर सोमवार को छत्तीसगढ़ क्रिश्चियन फोरम के अध्यक्ष अरुण पन्नालाल ने पत्रकारवार्ता में बताया कि मोतीबाग से कलेक्टर कार्यालय तक समाज के लोगों द्वारा रैली निकाली जाएगी। साथ ही राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को शिकायत पत्र सौंपा जाएगा। इसके माध्यम से मांग की जाएगी कि पुलिस प्रशासन मामले की जांच करने के बाद कार्रवाई करे। किसी भी निर्दोष को जबरन परेशान न किया जाए। यह आग्रह भी राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री से करेंगे।

### मासूम यशिका ने गाया भजन, मिली सराहना

**रायपुर।** कोपल संस्था द्वारा पुरानी बस्ती स्थित छत्तीसगढ़ी अग्रवाल भवन में रविवार को यश आरके म्यूजिकल की प्रथम प्रस्तुति दी गई। यह कार्यक्रम शाम 7 से रात्रि 11 बजे तक जारी रहा। इस कार्यक्रम की शुरुआत 5 वर्षीय यशिका परमार ने मेरे झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे, राम आएंगे, गीत से किया। इसके बाद सभी श्रोताओं ने उन्हें खूब आशीर्वाद दिया और बेबी यशिका को भविष्य की सुपरस्टार भी कहा। इसी दौरान मुख्य अतिथि संस्था के संस्थापक वेदप्रकाश दास ने बताया कि कार्यक्रम में सभी सिंगर्स ने एक से एक बेहतरीन गानों की प्रस्तुति दी। इस कार्यक्रम में कलाकार कैलाश छाबड़ा, गोल्डन साहू, कृष्णा, राहुल परमार, दिलीप मोहंती, अंजली गोयल, संजय शर्मा, कमलेश सिन्हा, माही शर्मा, सैंडी, विजय निहाल, ट्विंकल परमार, बसंत दीप, हरि ठाकुर, लतीफ कुरैशी आदि सिंगर्स शामिल थे।

# ब्लॉकेज से हार्ट का पंपिंग पॉवर हो गया कम, मरीज का माइट्रल वॉल्व प्रत्यारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- 63 वर्षीय महिला का जटिल ऑपरेशन, सांस फूलने की थी शिकायत
- परिजन उसे एसीआई के हार्ट सर्जरी विभाग जांच कराने के लिए लेकर पहुंचे



हृदय की नसों में ब्लॉकेज की वजह से पंपिंग पॉवर कम हो गया और थोड़ी कमी से वृद्ध महिला का दम भरने लगा। शिकायत लेकर आंबेडकर अस्पताल पहुंची महिला का जटिल ऑपरेशन कर माइट्रल वॉल्व प्रत्यारोपित किया गया। कुछ दिन तक निगरानी में रखने के बाद उसे अस्पताल से छुट्टी भी दे दी गई।

महिला पिछले छह माह से सीने में दर्द और सांस फूलने की समस्या से पीड़ित थी। परिजन उसे एसीआई के हार्ट सर्जरी विभाग जांच कराने के लिए लेकर पहुंचे। एंजियोग्राफी एवं इको कार्डियोग्राफी से पता चला कि हृदय की कोरोनरी आर्टरी में 95 प्रतिशत ब्लॉकेज है एवं माइट्रल वॉल्व एवं ट्राइकस्पिड वॉल्व में लीकेज है। इसके उपचार के लिए कोरोनरी बाइपास सर्जरी एवं वॉल्व प्रत्यारोपण की सलाह दी गई। मरीज मध्यप्रदेश की रहने वाली थीं, मगर उसने एसीआई के सर्जन और चिकित्सकीय टीम पर भरोसा जताया। चिकित्सकों के अनुसार ऑपरेशन दो वॉल्व में लीकेज, हृदय कमजोर और अधिक उम्र होने की वजह से जटिल था।

### टाइटेनियम के कृत्रिम वॉल्व से बदला

सर्वप्रथम इस मरीज का बीटिंग हार्ट कोरोनरी बायपास किया गया, जिसमें लेफ्ट इंटरनल मेमरी आर्टरी का उपयोग किया गया। उसके बाद मरीज की ओपन हार्ट सर्जरी कर खराब माइट्रल वॉल्व को टाइटेनियम के कृत्रिम वॉल्व से बदला गया। मरीज को चिकित्सकों की निगरानी में रखने के 10 दिनों बाद अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। महिला को आयुष्मान स्वास्थ्य योजना का लाभ मिला और उसका उपचार योजना के तहत निशुल्क हुआ।

**अभियान :** क्षेत्र में 3 जुलाई तक जारी रहेगा सिकल सेल जांच अभियान

# विवाह से पूर्व कुंडली मिलने के साथ सिकलसेल की कराए जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव



सिकलसेल की वीसी बैठक में सीएमएचओ डॉ. अवधेश पाणीग्राही, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास आशीष बनर्जी, डीपीएम एन एल इजारदार शामिल हुए। बैठक में जानकारी दी गई कि सिकल सेल से उत्पन्न बीमारी सिकलिन की रोकथाम युवा अपने जीवन साथी के चयन के समय कर सकते हैं। जिस प्रकार आपस में शादी के पूर्व परिचय और गुण का मिलान करते हैं उसी प्रकार स्वास्थ्य की दृष्टि से युवक युवती का सिकल सेल जांच का मिलान किया जाना चाहिए ताकि भावी पति-पत्नी के बच्चे में सिकलिन की बीमारी उत्पन्न न हो।

राष्ट्रीय सिकलसेल उन्मूलन मिशन के तहत जिले को 40 वर्ष से कम आयु के 422000 लोगों के सिकलसेल जांच करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ द्वारा अभी तक 190000 लोगों की जांच की जा चुकी है।

19 जून को आयोजित जिला स्तरीय विश्व सिकल सेल दिवस कार्यक्रम में कलेक्टर द्वारा जांच अभियान चलाने के निर्देश के परिपालन में जिले में 19 जून से 3 जुलाई तक सिकल सेल जांच के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अवधेश पाणिग्राही ने बताया कि राज्य से मिले लक्ष्य मार्च 2025 तक पूर्ण किया जाना है, परंतु यथासंभव जल्दी पूर्ण करने का प्रयास किया जा रहा है। जिले में टेस्ट के लिए पर्याप्त किट उपलब्ध है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा उप स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर टेस्ट किट उपलब्ध करा दी गई है एवं मैदानी कर्मचारियों द्वारा मिशन मोड पर ग्राम स्तर पर जांच अभियान चलाया जा रहा है।

जांच में मिले बीमार व्यक्तियों एवं वाहकों के उपचार टेब हाइड्रोक्सी यूरिया तथा फॉलिक एसिड द्वारा की जा रही है। यदि इस बीमारी का समाज से उन्मूलन करना है, तो इसका प्रारंभिक कार्य जांच द्वारा बीमारी और वाहकों का चिन्हांकन करना महत्वपूर्ण है, ताकि पीड़ित एवं वाहकों को मध्य परस्पर वैवाहिक संबंध रोक कर बीमारी को अगले पीढ़ी में हस्तांतरण को रोका जा सके। सीएमएचओ डॉ. पाणिग्राही ने जिले के 40 वर्ष से कम आयु के सभी लोगों को अपने निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में जाकर अपना सिकल सेल टेस्ट कराने की अपील की है।

# यूथ फोरम में सहभागिता के लिए रवाना हुई रोवर रेंजर टीम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



यूथ फोरम में सहभागिता के लिए पलारी की रोवर रेंजर टीम रवाना हुई। भारत स्काउट एंड गाइड्स रायपुर छत्तीसगढ़ राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव एवं राज्य सचिव कैलाश सोनी तथा जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी के ऐन वर्मा, एबीओ सतीश माहेश्वरी एवं नरेश वर्मा के निर्देशन तथा जिला संगठन आयुक्त स्काउट सूरज कसार जिला संगठन आयुक्त गाइड नेहा उपाध्याय एवं विकासखंड सचिव संजीव पटेल के मार्गदर्शन में पलारी रोवर रेंजर की टीम आज कोरबा में होने वाले नेशनल लेवल के यूथ फोरम जो कि 26 से 30 जून तक आयोजित होगा, उसमें सहभागिता हेतु रवाना हुई। इसमें पलारी से रेंजर धात्री वर्मा, अंजलि बैरागी तथा रोवर मानस पुरी गोस्वामी अरविंद पटेल एवं रोवर दुर्गेश अपनी सहभागिता दे रहे हैं। टीम रवानगी के समय बीईओ तथा एबीओ के द्वारा मार्गदर्शन दिया गया साथ ही उनके अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी गई।

# 'बार' वाले अब नहीं चलाएंगे कैंटीन, भूल गए अनुबंध करना, रविवि ने रद्द किया टेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- कोरोनाकाल से बंद पड़ी रही रविवि की कैंटीन, नैक टीम ने भी जताया था रोष
- होटल द गोल्डन ऑक को दिया गया था ठेका, लड्डू सप्लाई को लेकर पूर्व में भी विवाद

पं. रविशंकर शुक्ल विवि ने द गोल्डन ओक को प्रदान किया गया कैंटीन का ठेका रद्द कर दिया है। रविवि ने बीते वर्ष दिसंबर में कार्यपरिषद की बैठक में हुए निर्णय के आधार पर कैंटीन के लिए टेंडर मंगाया था। इसके लिए तीन कंपनियों ने आवेदन किया था। इसमें होटल द गोल्डन ओक के अलावा रायपुर की श्री साईं सर्विस तथा कोरबा की श्री साईं सर्विस का भी नाम था। इनमें से होटल द गोल्डन ऑक को रविवि द्वारा ठेका दिया गया। अनुबंध के लिए खत 3 जनवरी को जारी किया गया। इसके बाद पुनः स्मरण खत 27 मई को जारी हुआ।

तय तिथि तक होटल द्वारा अनुबंध नहीं करने के कारण रविवि ने अब इसे निरस्त कर दिया है। जून के प्रथम पखवाड़े में हुई कार्यपरिषद की बैठक में रविवि द्वारा यह निर्णय लिया गया। हालांकि रविवि द्वारा यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि टेंडर दोबारा किया जाएगा अथवा पूर्व में निकाले गए टेंडर के लिए आवेदन करने वाले फर्म में से ही किसी को इसके लिए ठेका दिया जाएगा। मौजूदा हालातों को देखते हुए नवीन शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने के पूर्व कैंटीन खुल पाने की संभावना कम ही है।

### बाजार से कई गुना अधिक कीमत


जिस होटल गोल्डन ओक को रविवि द्वारा ठेका दिया गया था, उसके द्वारा तय की गई लड्डुओं की कीमत को लेकर पूर्व में भी विवाद हो चुका है। गणतंत्र दिवस पर इसी फर्म को बूंदी के लड्डू का ठेका दिया गया था। बाजार से कई गुना अधिक दाम पर लड्डुओं का वितरण किया गया था। बात में यह बात भी सामने आई थी, संबंधित होटल का रेस्त्रां बंद हो चुका है। केवल बार का ही संचालन उनके द्वारा किया जा रहा है।

### नैक ने जताई थी नाराजगी

गौरतलब है कि रविवि की कैंटीन कोरोनाकाल से बंद पड़ी है। बीते वर्ष नैक टीम निरीक्षण के लिए आई थी। रविवि का ग्रेड ए से घटकर बी पर आ पहुंचा था। टीम ने छात्रों को कैंपस में मिल रही खान-पान की सुविधाओं से लेकर अन्य व्यवस्थाओं पर भी नाराजगी जताई थी। नैक द्वारा जिन विभिन्न बिंदुओं पर विश्वविद्यालय को ग्रेड दिए जाते हैं, उसमें एक छात्रों को दी जाने वाली सुविधा भी है। नैक ग्रेडिंग घटने और सालभर बीत जाने के बाद भी रविवि द्वारा इस दिशा में कोई कार्य नहीं किया जा सका है।

# जिला अस्पताल का एसएनसीयू दे रहा गुणवत्तापूर्ण सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



जिला अस्पताल परिसर में स्थित नवजात शिशुओं की देखभाल के लिए बना एस एन सी यू स्पेशल न्यू बोर्न केअर यूनिट अर्थात विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई वर्ष 2022 से निरंतर गुणवत्ता पूर्ण सेवा प्रदान करता आ रहा है। यूनिट के कारण नवजात शिशुओं को जिले के भीतर ही देखभाल की जाती है, जिससे बाहर रेफरल कम हुआ तथा शिशु मृत्यु में भी कमी दर्ज की गई है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एम पी महिस्वर ने बताया की नवजात शिशुओं की मृत्यु के प्रमुख कारणों में समय पूर्व प्रसव, प्रसव के दौरान दम घुटना, नवजात का संक्रमित होना, जन्मजात विकृतियां है तथा इसके अलावा, कम उम्र में शादी, एएनसी जांच में अनदेखी, सही पोषण का अभाव या अन्य कारणों से भी शिशु की जान को खतरा हो सकता है। एसएनसीयू इन्हीं स्थितियों में शिशु की देखभाल हेतु कार्य करता है।एसएनसीयू में तीन शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. भूपेन्द्र साहू, डॉ. रोशन देवांगन, डॉ. योगेन्द्र वर्मा अपनी सेवा दे रहे हैं, जबकि नर्सिंग स्टाफ में प्रमिला कांत(इंचार्ज), नीलू लहरे, शिवानी यादव, दिलेश्वरी साहू, खोमेश्वरी वर्मा, वर्षा धृतलहरे, विभा मानिकपुरी, पूजा साहू, चमेली चंद्रवंशी, सविता सूर्यवंशी सम्मिलित हैं। एसएनसीयू में मदद के लिए हरिशंकर, दिनेश साय, ओमप्रकाश पैकरा सुशीला, संगीता, ललिता पूजा शर्मा उक्त वार्ड बॉय तथा आया अपनी सेवा देते हैं।

### राष्ट्रीय गुणवत्ता मूल्यांकन टीम ने भी कार्य को सराहा

जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. राजेश कुमार अवस्थी ने एसएनसीयू के संबंध में बताया कि, यहां नवजात शिशु से लेकर 28 दिन तक के बच्चों को भर्ती किया जाता है। 6 वेंटिलेटर, 12 वार्मर, 27 मल्टी पैरा मॉनिटर, 2 सी पैप और 6 फोटोथेरेपी (पीलिया से सम्बंधित)मशीनों से एस एन सी यू सुसज्जित है। बच्चे की देखभाल हेतु 24 घण्टे शिशु रोग विशेषज्ञ और नर्सिंग स्टाफ उपस्थित रहते हैं। दवाई उपचार निःशुल्क है। साथ ही माता के अलग से रहने की व्यवस्था की जाती है और उनके लिए नाश्ते और भोजन की भी व्यवस्था रहती है। एसएनसीयू की स्थापना के बाद जिले से शिशुओं के ऐसे प्रकरणों में रेफेरल में काफी कमी आई है तथा उपचार यही हो जाता है। जैसे मई में कुल 53 भर्ती बच्चों में से केवल 3 को ही रेफर करना पड़ा। जिला अस्पताल में राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के निरीक्षण के लिए आई टीम भी अस्पताल के एसएनसीयू की व्यवस्था से प्रभावित रही और दी जा रही सेवाओं की प्रशंसा की।

### अब तक 1200 नवजात शिशुओं का किया जा चुका है उपचार

ग्राम दतरेंगी के पीलाराज दास के शिशु को कम वजन 1 किग्रा के कारण 40 दिनों तक देखभाल केंद्र में रखा गया, जिससे बाद में वजन 1.3 किग्रा है। इसी प्रकार भाटापारा के एक प्रकरण में जुड़वां बच्चों की भी इसी केंद्र में भर्ती कर जान की रक्षा की गई। शिशु में रेटिनोपैथी की जांच के लिए रायपुर के निजी अस्पताल से भी डॉक्टर प्रति सप्ताह आते हैं। एसएनसीयू शुरू होने से लेकर अब तक करीब 1200 शिशुओं का यहां उपचार हो चुका है।

# आपातकाल के दौर में प्रताड़ित सेनानियों व उनके परिजनों का 26 को सीएम निवास पर सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकतंत्र की दुहाई देने वालों ने लोगों के अधिकारों का हनन करते हुए विरोध प्रदर्शन करने वालों को जेल में डाल दिया था। गिरफ्तार होने वालों को यह भी नहीं पता था कि वे कभी बाहर की दुनियां भी देख पाएंगे। कुछ इसी तरह की जानकारी देते हुए लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने सोमवार को पत्रकार वार्ता में मुखातिब हुए। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व कांग्रेस सरकार ने अपातकाल का दंश झेलने वाले मीसा बंदी परिवारों का सम्मान भी बंद कर दिया था। अब भाजपा सरकार 26 जून को 300 से ज्यादा परिवारों का दोपहर 1 बजे सीएम निवास में सम्मान करेगी।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने आगे बताया कि 1975 से 1977 का समय लोकतंत्र की हत्या का काला अध्याय रहा है। न्यायालय द्वारा जिस चुनाव को अवैध करार दिया, उसके खिलाफ जाकर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने दमनकारी नीति अपनाते हुए विरोध करने वालों को गिरफ्तार करवाया। ऐसे सैकड़ो परिवार के लोग आज भी उस दौर को याद करते हैं। मीसाबंदी परिवारों का मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से सम्मान के बाद संघ की ओर से अपातकाल के घटना क्रम को पाठ्य पुस्तक में प्रकाशित करने की मांग रखी जाएगी।

# जीडी ट्रेनिंग से लौटे ईश्वर चंद्र का ग्रामीणों ने किया जोशीला स्वागत



**खरोरा।** ईश्वर चंद्र यदु पिता प्रेमचंद यदु वार्ड 2 नगर पंचायत खरोरा जो जीडी की ट्रेनिंगसेंटर बनारस से होकर नगर के तिगड्डा चौक पर प्रथम आगमन हुआ। उनके आगमन की खुशी पर समस्त नगरवासी बाजे गाजी के साथ फूल माला पहनकर वंदे मातरम, भारत माता की जय का नारा लगाते स्वागत किये। ईश्वर चंद्र का परिवारजन बहुत प्रफुल्लित है, जिसमें वार्ड क्रं. 2 के पार्षद भारती संत नौरंगे व अनिल निषाद निलेश, लाकेश आदि साथियों के द्वारा स्वागत की।

# वरिष्ठ रंगकर्मी रिजवी की बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में किया भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध रंगकर्मी जलील रिजवी के गंभीर रूप से अस्वस्थ होने की खबर सामने आई है। उन्हें राजधानी रायपुर के एक निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। उनकी तबीयत बिगड़ने की खबर वायरल होने के बाद नाट्य एवं सिने जगत से जुड़े कलाकारों, रंगकर्मियों तथा प्रशंसकों ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने एवं लंबी उम्र जीने की कामना की।



### बंगाल से रायपुर आया थियेटर

जलील रिजवी का कुछ माह पूर्व सोशल मीडिया पर एक इंटरव्यू वायरल हुआ है। इसमें उन्होंने बताया है कि रायपुर में थियेटर का आगाज बंगालियों ने किया है। इसे मराठियों ने भी आगे बढ़ाया, क्योंकि दोनों ही समाज में कला पाई जाती है। उनके अनुसार रायपुर में 70-80 के दशक में 16 से 17 नाट्य संस्थाएं थी। उस दौर में रामलीला और नौटंकी हुआ करती थी। शहर के टूरीहटरी इलाके में भी नाट्य मंचन हुआ करते थे। रेलवे इंस्टीट्यूट शुरुआती दौर के नाटक के गवाह भी रहे हैं।

## पेज 9 के शेष

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र...

करने की बात कही। उक्त बैठक में विधायक के साथ शैली भाटिया, हिरेन्द्र कोसले, पार्षद दशरथ चंद्राकर, संतोष तिवारी, शिरीज जांगड़े, नानू सोनी, डॉक्टर साहिल, बीपीएम हेतराम कुर्रे, सोनल केसरवानी, सुनील तिवारी, प्रकाश यदु, युधिष्ठिर दीवान, परस देवांगन आदि उपस्थित थे।

### पोस्ट मैट्रिक आदिवासी...

आदिवासी छात्रवास स्वीकृति देने की बात कही। इस अवसर पर युवा प्रभाग प्रदेश अध्यक्ष सुभाष परते, शासकीय सेवक संघ प्रांताध्यक्ष आरएन ध्रुव, सर्व आदिवासी समाज प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश ध्रुव, प्रदेश उपाध्यक्ष युवा प्रभागसहदेव सिदार, सर्व आदिवासी समाज जिलाध्यक्ष भूपेंद्र रघुवंशी, जिला उपाध्यक्ष भानु ध्रुव, मनोहर मंडावी, ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. बीएस ध्रुव, उपाध्यक्ष यूके नागवंशी, छन्नू लाल ध्रुव, थानू नेताम, अभे लाल, दशरथ ध्रुव, बृजभान जगत, कोषाध्यक्ष दयाराम, जिला सांस्कृतिक सचिव केशव कुंजाम, चंद्रशेखर छेदइहा, संरक्षक प्रताप सिंह नाग, टेक सिंह ध्रुव, गैंदराम ध्रुव प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### हत्या का आरोप...

न्यायालय में पेशी थी। इस कारण परिवार वालों द्वारा व्यक्त शंका के आधार पर पुलिस द्वारा रेखू को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध हत्या का चालान न्यायालय में पेश किया गया था। केस के दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश द्वारा अभियोजन द्वारा अपराध साबित नहीं पाकर आरोपी रेखू को हत्या के आरोप से बरी कर दिया गया।

### 15 लीटर महुआ...

सांवरिया डेरा सलोनी कला में रहता है, उसके पास से 15 लीटर महुआ शराब के अलावा मोटरसाइकिल कीमती 50 हजार जब्त कर धारा-34 दो के तहत कार्रवाई करते हुए जेल भेजा गया। उक्त कार्रवाई में भटगांव थाना प्रभारी अमृत भार्गव व उसके टीम का सहयोग रहा।

# अधिकारी-कर्मचारी संघ ने मांगी 25 साल की सेवा अवधि में पूरा पेंशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसीवां

प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संघ के गठन को 5 साल पूरे होने तथा छत्तीसगढ़ शासन से पत्रचार की मान्यता प्राप्त होने की खुशी में प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संघ का प्रांतीय वार्षिक अधिवेशन तथा पदाधिकारियों का शपथग्रहण समारोह का आयोजन 23 जून को रायपुर के निजी होटल में किया गया। संगठन के प्रांतीय महामंत्री नरोत्तम सिंह ने बताया कि प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संघ को छत्तीसगढ़ शासन से पत्रचार की मान्यता प्राप्त होने की खुशी में संघ का प्रांतीय अधिवेशन एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया है। अधिवेशन में मुख्य अतिथि वीएस रावटे राष्ट्रीय अध्यक्ष आल इंडिया आदिवासी एम्प्लाइज फेडरेशन एवं विशिष्ट अतिथि उमा जाटव, प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ नवीन शिक्षक संघ उपस्थित हुए। वीएस रावटे और उमा जाटव प्रदेश अध्यक्ष नवीन शिक्षक संघ द्वारा सभी को अपने हक एवं अधिकार के लिए आगे आने पर जोर दिया गया।

अधिवेशन में प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संघ के विहारी लाल पटेल, बी एल गर्ग, पीएल अहिरवार, श्याम लाल साहू, गोरेलाल रात्रे, दुलेश्री कुर्रे, रामजी सेन आदि सभी पदाधिकारियों द्वारा सभा को संशोधित करते हुए कहा कि निकट भविष्य में संयुक्त मोर्चा के आव्हान पर होने वाले आंदोलन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की कर्मचारियों से अपील की गई है।

प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष करन सिंह अटेरिया की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में प्रदेश के हजारों अधिकारी कर्मचारियों तथा पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

### संघ के कर्मचारियों ने ली शपथ



### प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संघ के प्रांतीय अधिवेशन में रखी मांगें

सभा में करन सिंह अटेरिया द्वारा बताया गया कि छत्तीसगढ़ राज्य में तीन प्रकार का महंगाई भत्ता दिया जा रहा है। भारतीय सेवा के अधिकारियों को केंद्र के समान देय तिथि से महंगाई भत्ता दिया जा रहा है। वहीं राज्य सेवा के अधिकारी कर्मचारियों को केन्द्र के समान महंगाई भत्ता नहीं दिया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। इसी प्रकार राज्य के अनियमित दैनिक वेतन भोगी तथा आउट सोर्सिंग के कर्मचारियों को श्रम सम्मान निधि से वंचित किया गया है। सरकार द्वारा कर्मचारियों के साथ किये जा रहे भेदभाव पूर्ण रवैये पर संगठन ने नाराजगी व्यक्त की है। अटेरिया द्वारा मुख्य अतिथियों का स्वागत करते हुए अवगत कराया गया कि हमारे संगठन ने राज्य के अधिकारी कर्मचारियों तथा पैंशनरों को देय तिथि से केन्द्र के समान महंगाई भत्ता लागू करने, समस्त तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को क्रमोन्नत, पदोन्नति एवं चार स्तरीय समयमान वेतन मान लागू करने 2 लाख 80 हजार अनियमित दैनिक वेतन भोगी तथा आउट सोर्सिंग से कार्यरत कर्मचारियों को नियमित करने, लिपिक एवं अन्य कर्मचारियों की वेतन विसंगति का निराकरण करने, पूर्ण पेंशन की पात्रता के लिए सेवा अवधि 25 वर्ष करने, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को 1900 रुपए ग्रेड पे लागू करने सेवानिवृत्ति पर वेतन अवकाश नगदीकरण की सीमा 300 दिवस करने पदोन्नति के लिए वरिष्ठ एवं पात्र कर्मचारियों को साजिश के तहत सीआर खराब लिखने वाले अधिकारियों के खिलाफ दण्डात्मक कार्रवाई करने संबंधी मांगों को संयुक्त मोर्चा की आगामी बैठक में रखा जायेगा।

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ डायसिस की प्रथम महिला बिशप बनीं सुषमा कुमार



**सिमगा।** वर्तमान में सेंट थोमा सीएनआई चर्च तिल्दा में पदस्थ रेव्ह सुषमा कुमार के छत्तीसगढ़ डायसिस के प्रथम महिला बिशप चुने जाने पर सेंटमेरी सीएनआई चर्च सिमगा के रेव्ह पवन शेमुएल, रेव्ह इस्माइल मसीह सचिव नितेश रिंकू लाल कोषाध्यक्ष अभिनव स्वप्निल गॉटलिब एवं समस्त कलीसिया के सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया। छत्तीसगढ़ डायसिस के इतिहास में प्रथम छत्तीसगढ़िया रेव्ह को सीनेट दिल्ली के सहयोग से प्रथम महिला बिशप चुना गया। इसका 25 जून को दिल्ली में इनका पवित्र अभिषेकी करण 16 पंडित पंत मार्ग सीनेट मुख्यालय में हुआ, जिसे संपूर्ण मसीह समाज एवं महिला जगत इसे उपलब्धि मानता है।

### चाकू की नोक पर लूट करने वाले चार आरोपियों को मिली 7-7 साल की सजा

**महासमुंद।** चाकू की नोक पर लूटपाट करने के मामले में अपराध दोष सिद्ध होने पर प्रथम सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया ने 4 आरोपितों को भादसं की धारा 398 के तहत 7 वर्ष, 392 के तहत 5 वर्ष व 1 हजार रुपए अर्थदंड तथा धारा 120 बी के तहत 1 वर्ष की सश्रम कारावास की सजा सुनाई। अर्थदंड की राशि नहीं पटाने पर 3 माह अतिरिक्त कारावास पृथक से भुगतना होगा। शेष सभी सजाएं साथ-साथ चलेगी। अभियोजन के अनुसार दिनेश कुमार साहू ने थाना पटेवा में शिकायत दर्ज कराई कि वह 9 मार्च 22 को सब्जी मंडी महासमुंद से सब्जी बिक्री की रकम 1 लाख 10 हजार रुपए बैग में रखकर महासमुंद से पिथौरा जा रहा था। पटेवा बस स्टैंड के पास एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा इशारा कर लिफ्ट मांगने पर अपनी मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 06 जीपी 0753 में बैठाकर पिथौरा की ओर जा रहा था, तभी रास्ते में तेंदूवाही मोड़ के पास दोपहर 12.40 के आसपास उक्त व्यक्ति द्वारा मोटर साइकिल रोकने बोला गया। घटना की शिकायत पर पुलिस ने जांच की और आरोपी पिथौरा थाना क्षेत्र के निवासी 35 वर्षीय कुमार ठाकुर पिता श्रीलाल ठाकुर, तेंदूकोना थाना क्षेत्र के ग्राम चुरूपाली निवासी 29 वर्षीय नेतराम साहू पिता धनीराम साहू, नैला जांजगीर थाना क्षेत्र के भाठापारा निवासी 29 वर्षीय बिहारी लाल कश्यप पिता मोहन लाल कश्यप तथा कोमाखान थाना क्षेत्र के ग्राम मोखा निवासी 25 वर्षीय कुशल ध्रुव पिता लोकनाथ ध्रुव को लूट के मामले में अपराध दर्ज कर विवेचना उपरांत मामला कोर्ट को सौंपा था। अभियोजन की ओर लोक अभियोजक भूपेंद्र चंद्राकर ने पैरवी की।

## निधन

### गंगा पाठक



**खरोरा।** ग्राम कनकी निवासी 80 वर्षीय गंगा पाठक का निधन हो गया। वह अश्वनी, लीलाधर, देवनारायण पाठक की माताजी थी। उनका अन्तिम संस्कार ग्राम कनकी के मुक्तिधाम में किया गया, जहां बड़ी संख्या में ग्रामवासी तथा आसपास से आए लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# आज से खुलेंगे स्कूलों के पट छात्र-छात्राओं का होगा स्वागत

## भाटापारा में 28 को कसडोल, सिमगा तथा पलारी में ब्लॉक स्तर पर 7 जुलाई को मनेगा प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला शिक्षा अधिकारी हिमाशु भारतीय ने 24 जून को पं. चक्रपाणी शुक्ल शासकी बहु.उ.मा.वि. बलौदाबाजार के बैठक कक्ष में जिले के शिक्षा विभाग के अधिनस्थ अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति में विभागीय गतिविधि व योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में शिक्षा विभाग के जिला कार्यालय के समस्त स्टाफ, समग्र शिक्षा के समस्त स्टाफ, समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकार, सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्त्रोत केन्द्र समन्वय उपस्थित रहे। सर्वप्रथम विद्यालयों में शिक्षक की कमी या अतिशेष, शिक्षक विहीन एवं एकल शिक्षकीय शाला की स्थिति पर चर्चा की गया एवं समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि एकल शिक्षकीय एवं शिक्षक विहीन शाला में शाला प्रारंभ 26 जून के पूर्व शिक्षक की व्यवस्था की कार्यवाही पूर्ण कर ली जाए। प्रवेशोत्सव की तैयारी पर चर्चा की गई। जिला स्तर पर शाला प्रवेशोत्सव 26 जून को बलौदाबाजार, 28 जून को भाटापारा, कसडोल ऐव सिमगा तथा 7 जुलाई को विकासखड़ पलारी में विकासखण्ड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम किया जाना है। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों को शाला प्रारंभ होने के पूर्व जिल के समस्त विद्यालयों में पाठ्यपुस्तक, गणवेश पहुंच जाने का सख्त निर्देश दिये, ताकि प्रथम दिवस को ही बच्चों को पाठ्य पुस्तक प्रदाय किया जा सके।



### डीईओ ने विभागीय गतिविधियों की समीक्षा के दौरान दिए दिशा-निर्देश

इसकी प्रकार मध्यान्ह भोजन योजना, मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना की प्रगति, तूफान या अन्य किसी कारणों से क्षतिग्रस्त शाला भवन जो छात्र–छात्राओं के बैठने के योग्य न हो की जानकारी, पहुंच मार्ग विहीन शालाओं की जानकारी, अहाता युक्त, अहाता विहीन की जानकारी, पौधारोपण की कार्ययोजना, सरस्वती निःशुल्क सासकल प्रदाय योजना, छात्रवृत्ति, ड्राप आउट बच्चों की जानकारी, जाति निवास प्रमाण पत्र विभिन्न विषयों पर चर्चा कर समीक्षा की गई। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया गया है कि विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरते।

# जल जागरुकता के लिए ग्रामीणों ने निकाली रैली




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बंगोली

जनपद पंचायत तिल्दा के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुर्रा में जल जागरुकता रैली निकाली गई। रैली में नोडल अधिकारी अम्बुज ग्रोवर, सरपंच रविशंकर वर्मा, मिथलेश गिरी गोस्वामी सचिव, सितेश्वरी चौहान रोजगार सहायक, सक्रिय महिला नीरा विश्वकर्मा, वीणा वर्मा सहित ग्राम के अन्य महिला समूह के महिलाओं ने रैली निकाली। रैली के दौरान ग्रामवासियों को पानी बचाओ, पेड़ लगाओ, सोख्ता गड्ढा बनाओ आदि जल संबंधित विषयों पर जानकारी दी। जल शक्ति अभियान के तहत जल जागरुकता रैली, बैनर एवं दीवाल लेखन से प्रचार प्रसार किया गया तथा ग्राम के स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा ग्रामीणों को घरों मे वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, सोकपीट एवं नलकूपों में रिचार्ज स्ट्रक्चर के बारे में जागरुक किया गया।

# एएलएन प्रशिक्षण के दूसरे चरण में शिक्षकों को दी गई बुनियादी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती एवं जिला परियोजना अधिकारी अधिकारी मणिलाल ब्राम्हनी के मार्गदर्शन में बच्चों में आधारभूत बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान तथा निपुण भारत के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए समस्त प्राथमिक शाला के शिक्षकों का द्वितीय चरण प्रशिक्षण ब्लॉक स्तर पर 19 से 22 जून तक चला। यह प्रशिक्षण विगत 10 जून से विभिन्न चरणों में आयोजित किया गया। इसका आयोजन कस्तूरबा आवासीय विद्यालय परिसर में किया।

प्रशिक्षण के तृतीय दिवस बच्चों को स्वयं से सीखने हेतु सीखाने हेतु नवा जतन की अवधारणा पर विस्तार से चर्चा की गई। नवाजतन क्या है, इसकी आवश्यकता क्यों है? इस महत्वपूर्ण विषय पर उपस्थित प्रशिणार्थियों की समझ दी गई। इसके अंतर्गत इक्कीसवीं सदी के कौशलों को बच्चों में विकसित करने, आने वाले परिवर्तनों हेतु शारीरीक एवं मानसिक रूप से सक्षम बनाने की बात कही गई। नवा जतन बच्चों को सिखाने का नया तरीका सीखाता है। बच्चे स्वयं करके सीखें, शिक्षकों पर निर्भरता कम से कम हो। बच्चे चुनौती, पियर लर्निंग, पेयर लर्निंग, विषय मित्र, गली मित्र, ग्रुप लर्निंग, सेल्फी विथ सक्सेस के माध्यम से कैसे सीखते हैं? इस पर विस्तारपूर्वक जानकारी साझा की गई। इस प्रशिक्षण के चतुर्थ दिवस विद्यालय में पुस्तकालय की आवश्यकता और उपयोगिता पर चर्चा की गई। मुस्कान पुरस्कार का प्रबंधन, बिग बुक का उपयोग, बाल साहित्यों की आवश्यकता एवं आपूर्ति पर बातें की गई।बच्चे खिलौने तथा खेल के माध्यम से अपने विभिन्न दक्षताओं को विकसित कैसे करते हैं। खिलौनों से बच्चों में अनेक कौशलों का विकास होता है। मोबाइल से /"ई जादुई पिटारा/" का उपयोग कैसे करते हैं? कथा सखी, पेरेंट तारा तथा टीचर तारा की उपयोगिता पर बातें रखी गई।प्रशिक्षण में विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी रामजी पाल एवं प्रशिक्षण प्रभारी खंड स्त्रोत समन्वयक लेखराम साहू का मार्गदर्शन में प्रशिक्षण पूर्ण हुआ।

### कस्तूरबा आवासीय विद्यालय परिसर में आयोजित हुआ प्रशिक्षण



### 25 सप्ताह की कार्ययोजना साझा किया

इस प्रशिक्षण में जिला स्त्रोत दल (डीआरजी) साथियों द्वारा प्रथम दो दिवस भाषा एवं गणित विषय के चार ब्लॉक मॉडल पर सविस्तार से चर्चा की गई। इन विषयों पर उपस्थित शिक्षक समूहों द्वारा पाठ योजना बनाकर प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुतिकरण के साथ-साथ समीक्षात्मक दिशा निर्देश भी दिए गये। भाषा एवं गणित की दैनिक, साप्ताहिक तथा वार्षिक कार्य योजनाओं पर व्यापक विचार-विमर्श हुए। भाषा शिक्षण योजनांतर्गत 26 सप्ताह यानि कुल 156 दिनों में संपन्न कराए जाने वाले सभी गतिविधियों की जानकारी साझा किया गया। गणित शिक्षण हेतु 25 सप्ताह की कार्ययोजना साझा किया गया। इसी प्रकार बुनियादी गणित और संख्यात्मक समझ की अवधारणा पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। गणित विषय पर मौखिक गणित तथा खेल-खेल में गणित, बच्चों में गणित की समझ पर गतिविधियों का पाठ प्रदर्शन प्रशिणार्थियों द्वारा किया गया। प्रशिक्षण के माध्यम से पुनरावृति, आंकलन तथा उपचारात्मक शिक्षण के आसान तरीकों से भी शिक्षकों को अवगत कराया गया।

# निषाद समाज ने बाउंड्रीवॉल निर्माण के लिए सरपंच-सचिव को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

स्थानीय निषाद समाज ने सैकड़ों की संख्या में पंचायत भवन पहुंचकर सरपंच सचिव को निषाद भवन के बाउंड्री वॉल के लिए ग्रामसभा कराने व पंचायत प्रस्ताव रखने की मांग को लेकर सोमवार को पंचायत पहुंचकर सरपंच प्रतिनिधि संजु वर्मा को यह पत्र सौंपा। ईश्वर प्रसाद निषाद ने बताया कि हथबंद में समाज 80 परिवार निवासरत है, जिनकी बैठक व कार्यक्रम इसी भवन में संचालित होता है। साथ ही अन्य समाज व संगठनों के लिए भी यह भवन मुख्य स्थान है। समाज द्वारा हरेक परिवार से बाउंड्री वॉल हेतु सहयोग लिया गया है जिस राशि से बाउंड्रीवाल निर्माण किया जाएगा। विधायक टंकराम वर्मा के नाम भवन में अतिरिक्त कक्ष के लिए भी ज्ञापन प्रतिनिधि संजु वर्मा को दिया गया। उनके द्वारा उन्हें जल्द पूरा कराने की बात कही। इस अवसर पर पूर्व सरपंच तिहारुराम, धन्ना निषाद, भानु निषाद, कोमल, भारत भूषण, विजय, उत्तरा, मोतिम, ज्योति, जानकी सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

### बीच-बचाव कर रहे युवक को बड़े भाई ने लाठी से मारा

**महासमुंद।** पारिवारिक विवाद के दौरान बड़े भाई ने छोटे भाई पर डंडे से मारपीट कर दिया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पिथौरा थाने में आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। लच्छन ध्रुव पिता ईश्वर ध्रुव निवासी ग्राम परसापाली ने पुलिस को बताया कि 22 जून को दोपहर करीब 2 बजे मेरा बड़ा भाई लचकुमार मेरे पिताजी ईश्वर ध्रुव से 40 हजार रुपए की मांग कर रहा था, इस पर मेरे पिताजी द्वारा रुपए नहीं है बोलने पर लच कुमार ने मैं खेत को बेचूंगा, हस्ताक्षर करोगे कि नहीं करोगे कहा। जिस पर पिताजी द्वारा हस्ताक्षर करने से मना कर दिया गया। ऐसा कहने पर लचकुमार लाठी-डंडा से मेरे पिताजी के साथ मारपीट करने के लिए उतारू हो रहा था, जब मैने बीच-बचाव किया तो आरोपी ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए लाठी से मुझे मार दिया, जिससे मुझे बांये आंख के ऊपर चोटें आई है, जिसका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिथौरा म ें कराया हूं।




# राज्य समन्वयक ने स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

स्वच्छ भारत मिशन की राज्य समन्वयक मोनिका सिंह सारंगढ़-बिलाईगढ़ के दौरे में रहीं। उन्होंने जिले के स्वच्छ भारत मिशन के कार्योर् की प्रगति को बढ़ाने के लिए परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान सीईओ जनपद पंचायत एवं अन्य अधिकारी कर्मचारियों को आग्रह की।

विशेष रूप स्वच्छाग्राहियों को माहवारी स्वच्छता प्रबंधन के लिए सेनेटरी पैड का उपयोग एवं सुरक्षित निपटान के बारे में बताया गया। एफएसएम सेंटर में केना इंडिका का पौधा लगाने के लिए चर्चा की गई। मोनिका सिंह ने ग्राम पंचायत घटौरा के आश्रित ग्राम करगीडीपा और ग्राम पंचायत कोतरी के स्वच्छता समूह से चर्चा की। इसके अंतर्गत घरों से निकलने वाले सूखा एवं गीले कचरे को अलग–अलग करने तथा संग्रहण करने के संबंध में चर्चा की गई साथ ही पृथक्करण शेड, सामुदायिक शौचालय एवं मैनेजमेंट यूनिट का निरीक्षण किया गया।



